शिक्षा संबल शीतकालीन शिविर में 1700 से अधिक विद्यार्थी लाभान्वित

■ शिविर, शिक्षा-केंद्रित सामाजिक प्रभाव पहल, 2008 से संचालित हो रहा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के 2 लाख से अधिक विद्यार्थी सालाना लाभान्वित हो रहे हैं

उदयपुर, (कासं)। हिन्दुस्तान जिंक़ लिमिटेड ने शिक्षा पर केंद्रित शिक्षा संबल परियोजना के शीतकालीन शिविर का सफलतापूर्वक समापन किया, जिसमें वंचित ग्रामीण इलाकों के लगभग 1700 से अधिक विद्यार्थी लाभान्वित हुए। शीतकालीन शिविरों में प्रदेश के 6 जिलों के 47 राजकीय विद्यालयों के पहली पीढ़ी के शिक्षार्थियों को शामिल किया गया।

हिन्दुस्तान जिंक़ द्वारा शिक्षा संबल कार्यक्रम के तहत् शीतकालीन शिविर, शिक्षा-केंद्रित सामाजिक प्रभाव पहल, 2008 से राजस्थान में संचालित हो रहा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के 2 लाख से अधिक विद्यार्थी सालाना लाभान्वित हो रहे है। शिक्षा संबल का उद्देश्य उन शिक्षार्थियों को सहायता प्रदान करना है, जो वित्तीय, सामाजिक और सुविधा संबंधी बाधाओं के कारण पढ़ाई और संतोषजनक करियर को आगे बढ़ाने का विकल्प नहीं चुन सकते हैं। यह पहल कक्षा 10वीं के छात्रों को शैक्षणिक सहायता प्रदान करती है जो त्यौहारी अवकाश के दौरान अपनी स्कूली शिक्षा पूरी करने के अंतिम चरण में हैं और संरचित सत्रों, विशेष कार्यपुस्तिका अभ्यास और विज्ञान के छात्रों के लिए व्यावहारिक प्रयोगशाला कार्य के साथ-साथ गणित और अंग्रेजी के लिए उन्नत पुस्तकालय कार्य के माध्यम से पढ़ने, लिखने, गणित और विज्ञान जैसे मूलभूत विषयों में सहायता प्रदान करती है। इन मूल विषयों पर ध्यान केंद्रित कर, शिविर का उद्देश्य छात्रों की समझ को मजबूत करना और उनके शैक्षणिक प्रदर्शन को बढ़ावा देना था। इसके अतिरिक्त, कार्यक्रम ने सीखने के परिणामों को अधिकतम करने के लिए लगातार उपस्थिति पर बल दिया, यह सुनिश्चित करते हुए कि प्रत्येक छात्र प्रदान की गई व्यापक शैक्षिक सहायता से लाभान्वित हो सके। विद्या भवन सोसाइटी के सहयोग से संचालित शिक्षा संबल शीतकालीन शिविर राजस्थान के उदयपुर, सलूंबर, राजसमंद, चित्तौड़गढ़, अजमेर और भीलवाड़ा सहित विभिन्न स्थानों पर आयोजित किया गया।

कंपनी ने हाल ही में राजस्थान के शिक्षा विभाग के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें राज्य में शैक्षिक विकास को बढ़ाने के लिए अगले पांच वर्षों में 36 करोड़ रुपये का निवेश करने की प्रतिबद्धता है। कंपनी ने ग्रामीण बच्चों के बाल्यावस्था के विकास को बढ़ावा देने के लिए राजस्थान और उत्तराखंड में 1400 से अधिक नंद घर स्थापित किए हैं, जिससे 2.5 लाख से अधिक महिलाएं और बच्चे लाभान्वित हुए हैं। पिछले कुछ वर्षों में, कंपनी ने अन्य पहलों जैसे ऊंची उड़ान, जो कम आय वाले पृष्ठभूमि से आने वाले आईआईटी उम्मीदवारों को सहायता प्रदान करती है, और जीवन तरंग, जो दिव्यांग बच्चों को सशक्त बनाती है, के साथ राज्य के शैक्षिक परिदृश्य को महत्वपूर्ण रूप से बदल दिया है। शिक्षा के साथ ही हिंदुस्तान जिंक ग्रामीण महिलाओं और किसानों के लिए स्थायी आजीविका के अवसरों, स्वास्थ्य सेवा पहुंच, जल संरक्षण और स्वच्छता को बढ़ावा देने में महत्पूर्ण पहल संचालित है, जिसने 3,700 से अधिक गांवों में 20 लाख से अधिक लोगों के जीवन को लाभान्वित किया।

भागवत कथा को लेकर शोभायात्रा निकाली

राजसमन्द, ०(निसं)। जलचक्की की स्थित चौमुखा महादेव मंदिर में सात दिवसीय भागवत कथा को लेकर सोमवार को पूर्ण श्रद्धा और धूमधाम के साथ शोभायात्रा निकाली गई।

तेली समाज की ओर से आयोजित भागवत कथा को लेकर शोभायात्रा कांकरोली के पुराना बस स्टैंड स्थित श्री नामदेव मंदिर से से बैंड बाजों के साथ रवाना हुई। शोभायात्रा की रवानगी से पूर्व कलश की पूजा अर्चना की गई। इसके बाद शोभायात्रा रवाना हुई जिसमें कथा अनुष्ठानकर्ता दिनेशचंद्र तेली सर पर पोती लेकर चल रहे थे। उनके साथ कथावाचक पंडित राजेंद्र तिवारी भी चल रहे थे। इसके साथ ही शोभायात्रा में आकर्षक झांकी भी सजाई गई थी। वहीं एक ही प्रकार की आकर्षक वेशभूषा में सजी महिलाओं ने सिर पर जल कलश धारण किए। इसके बाद बैण्ड पर भजनों की धुनों के साथ शोभायात्रा रवाना हुई। पोथी को लेकर तथा उनके साथ कथा प्रवक्ता पूर्व आएएस अधिकारी रामपाल शर्मा शास्त्री जैसलान भी चल रहे थे। शोभायात्रा में शामिल महिला श्रद्धालु म्हारा लाडला श्रीनाथजी रे खम्मा रे खम्मा व मेरी झोपडी के भाग आज खुल जाएंगे राम आएंगे..., श्रीकृष्ण गोविंद हरे मुरारी हे नाथ नारायण वासुदेवा..., छोटी-छोटी गइया छोटे-छोटे ग्वाल... सहित एक से बढकर एक मधुर भजनों की धुनों पर भक्ति नृत्य करते हुए चल रही थीं। वहीं पूरे मार्ग में प्रभु श्रीकृष्ण, राम और भागवत महापुराण के जयकारों से वातावरण पूरी तरह से भक्तिमय हो गया। मार्ग में जगह-जगह पर श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा का स्वागत पुष्प वर्षा करके किया। शोभायात्रा के कथा स्थल पहुंचने पर महिलाओं ने सिर पर धारण किए जल कलश को व्यासपीठ के समक्ष स्थापित किया। इसके बाद मंत्रोच्चार के साथ में व्यासपीठ और पुराण का विधि-विधान से पूजन किया गया। साथ ही सर्वप्रथम आदिदेव गजानंद को याद करते हुए उनका पूजन किया गया।

सार-समाचार

सम्मान समारोह 12 को

उदयपुर, (कासं)। 'पंजाब के राज्यपाल व मेवाड़ के कद्दावर नेता गुलाबचंद कटारिया के 'स्वच्छ उदयपुर' के सपने को मेवाड़ जनशक्ति दल द्वारा पूरा करने के लिए जो बेड़ा उठाया है उसमें मेरे द्वारा संभव ही नहीं असंभव प्रयास कर उदयपुर को स्वच्छता का रोल मॉडल बनाने के लिए हर संभव सहयोग किया जाएगा।' यह बात मंगलवार को स्वच्छ भारत मिशन के समन्वयक के.के. गुप्ता ने पत्रकारों से मुखातिब होते हुए कही। वे नगर निगम व मेवाड़ जनशक्ति दल के तत्वावधान में आयोजित 'आप और हम एक कदम स्वच्छता की ओर' विषय पर आगामी 12 जनवरी को होने वाले सम्मान समारोह को लेकर पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। यह सम्मान समारोह 12 जनवरी को दोपहर 2 बजे नगर निगम के सुखाड़िया रंगमंच पर होगा।

सामुदायिक भवन का लोकार्पण

कपासन, (निसं)। जनजाति क्षेत्रीय विकास एवं गृह रक्षा विभाग कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने सोमवार को मातृकुंडिया में सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया।इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने कहा कि सामुदायिक भवन परिसर में डोम बनाया जाएगा। साथ ही, किसानों को कृषि कनेक्शन समय पर उपलब्ध हो सके, इस हेतू भी प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों को फिंगरप्रिंट के अभाव में राशन प्राप्त करने में कोई तकलीफ नहीं आए, इसकी व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समुदाय परिश्रमी और विश्वासी समाज है। मातृभूमि के लिए आदिवासियों ने अनेकों बलिदान दिए हैं। इस अवसर पर उन्होंने राणा पूंजा के योगदान को भी याद किया।कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि आदिवासी समुदाय की परंपराएं, उनके जीवन मूल्य और प्रकृति के प्रति उनका सम्मान सबके लिए एक प्रेरणास्त्रोत है। कार्यक्रम में कपासन विधायक अर्जुन लाल जीनगर ने कहा कि सरकार आदिवासी समुदाय के उत्थान एवं विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। इसके लिए सरकार ने अनेक योजनाएं चलाई है। इस अवसर पर मावली विधायक पुष्कर डांगी, पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना, प्रधान राशमी, उपखण्ड अधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, तहसीलदार, कपासन मेवाड भील समाज के अध्यक्ष लालूराम भील सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी उपस्थित रहे। इससे पूर्व कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने चित्तौड़गढ़ दुर्ग का भ्रमण किया।

दो युवकों के साथ मारपीट

उदयपुर, (कासं)। गांव जा रहे दो युवकों के साथ कुछ युवकों ने पुरानी रंजिश के चलते रोककर मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस के अनुसार दाउद पुत्र अर्जुन लाल डामोर निवासी पारगीयापाडा बाघपुरा ने रिपोर्ट दी कि 4 जनवरी को शाम 5 बजे मैं अनिल एवं कमलेश मादडी से हमारे घर पारगीयापाडा जा रहे थे। आमली घाटी के पास भैरूलाल पुत्र शंकरलाल खबरा निवासी मादडी और उस के साथ 5 बजे अन्य लडके आए और सब ने मिलकर मेरे साथ मारपीट की, जिससे मेरे शरीर पर चोटे आई। रिपोर्ट पर बाघपुरा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

हार्ट अटैक से महिला की मौत

उदयपुर, (कासं)। महिला की घर पर हार्ट अटैक आने से उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार भूरीदेवी (57) पत्नी किशनलाल अठवाल निवासी सज्जननगर मल्लातलाई जो रविवार को अपने घर पर थी। इस दौरान उसके सीने में दर्द हुआ और उसे परिजन एमबी चिकित्सालय लेकर गए, जहां पर चिकित्सकों ने इसे मृत घोषित कर दिया। मृतका के शव को मोर्चरी में रखवाया गया । अंबामाता पुलिस ने सोमवार को मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

'उप प्रधानाचार्य पदों के विवाद पर समिति का गठन हो'

उदयपुर,। राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत के प्रदेश मीडिया प्रभारी राव गोपाल सिंह आसोलिया ने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं शिक्षा मंत्री मदन दिलावर से वर्तमान में चल रहे उप प्रधानाचार्य पदों के विवाद का सर्वमान्य हल निकालने के लिए एक राज्य स्तरीय समिति का गठन करने का सुझाव दिया है जिसमें बडे एवं राज्य स्तरीय संगठन राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत एवं शिक्षक संघ राष्ट्रीय तथा रेसला पदाधिकारी को सम्मिलित कर इसका कोई सर्वसम्मत एवं न्याय संगत हल निकालना चाहिए।

कार लूट के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

■ कार सवार युवक का अपहरण कर मारपीट का मामला, आरोपी रेलवे स्टेशन नरैना जयपुर से गिरफ्तार किया

उदयपुर, (कासं)। शहर की हिरणमगरी थाना पुलिस ने एक कार सवार युवक का अपहरण कर उसके साथ मारपीट कर उसे हाईवे पर पटककर कार लूट कर ले जोन में एक ओर आरोपी को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी दर्शन सिंह ने बताया कि 18 फरवरी 2०19 को दिव्यांशु पुत्र विक्रम चौधरी निवासी व्यास कॉलोनी भीलवाडा हाल कुंभानगर सेक्टर 4 ने मामला दर्ज करवाया कि 17 फरवरी 2०19 को 7.45 बजे वह अपने निवास स्थान से अपनी कार से भोजन करने के लिए निकला। जब वह सेक्टर 3 मैन रोड पर डिवाईडर के पास रोड क्रॉस करने के लिये रूका तो उसी समय अचानक उसकी कार के सामने दो से तीन लोग सामने आ गये। उनमे से एक व्यक्ति ने झपट्टा देकर उसकी कार की चाबी निकाल ली। इस दौरान दो अन्य व्यक्ति भी आ गए, उन्होने उसे खींच कर कार में पीछे की ओर धकेल दिया और गाडी स्टार्ट कर रवाना हो गये। गाडी को तेज गति से चित्तोड रोड की तरफ ले गये। उन्होने उसके साथ धक्का-मुक्की व मारपीट कर कीर की चैकी एवं भीण्डर रोड पर सुनसान रास्ते पर धक्का देकर नीचे उतार दिया। इस प्रकरण में दो दिन पूर्व पुलिस ने एक कुख्यात और हार्डकोर अपराधी जितेन्द्र उर्फ जीतू सिंह को गिरफ्तार किया था। मामले में फरार चल रहे एक अन्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए थानाधिकारी नेतृत्व में नरैना जयपुर थानाधिकारी दिलीप सिंह, एएसआई देवेन्द्र सिंह, कांस्टेबल प्रताप सिंह, विकास कुमार, तेजाराज, मुकेश कुमार की टीम ने शंकरलाल पुत्र रूपाराम निवासी बलाईयों का मौहल्ला सीतारामपुरा नरैना जयपुर को रेल्वे स्टेशन नरैना जयपुर से गिरफ्तार किया।

अवैध गांजा बरामद

डूंगरपुर, (निसं)। एनसीबी और बिछीवाड़ा पुलिस ने जांबूडी गांव में एक घर से एक करोड़ की कीमत का 202 किलो से ज्यादा अवैध गांजा और उसके पौधे बरामद किए हैं। आरोपी ने अपने खेतों में ही गाजे की अवैध फसल उगाई थी। उसके बाद घर में छुपाकर रखे थे। फिलहाल पुलिस और एनसीबी की टीम मामले में छानबीन कर रही है।

बिछीवाड़ा थानाधिकारी कैलाश सोनी ने बताया कि एनसीबी जोधपुर के कनिष्ठ आसूचना अधिकारी राजेश चौधरी से सूचना मिली कि, जांबूडी गांव में अवैध गांजे की खेती की जा रही है। इस पर बिछीवाड़ा थानाधिकारी कैलाश सोनी समेत एनसीबी टीम के अधिकारी जांबूडी पहुंचे। सूचना के अनुसार पुलिस ने दिनेश पुत्र अडेला बरंडा के घर दबिश दी गई। पुलिस की टीम ने घर के अंदर तलाशी ली। इस दौरान एक साड़ी और 2 प्लास्टिक के कट्टो में हरे रंग की पत्तियांए बीज ओर फूल नजर आए। इन पत्तियों, बीज ओर फूलों को चखने ओर सूंघने पर गांजा होना पाया।

दिनेश ने अपने ही खेत में कपास की फसल के बीच गांजे की खेती की गई थी। गांजे की पत्तियोंए बीज ओर फूलों को छुपाकर रखा था। पुलिस ने गाजे के पौधेए बीज और फूलों की जब्त कर वजन करवाया।

संभाग-जिले खत्म करने का जनता नहीं कर रही विरोध : दक

■ अटल स्मृति वॉलीबॉल प्रतियोगिता का किया उद्घाटन

■ 140 टीम कर रही भागीदारी

डूंगरपुर। प्रदेश के सहकारिता मंत्री गौतम दक ने सोमवार को शहर के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित अटल स्मृति वॉलीबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। प्रदेश के सहकारिता मंत्री गौतम दक ने सोमवार को शहर के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित अटल स्मृति वॉलीबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन किया।

प्रतियोगिता में जिलेभर से 140 टीमें हिस्सा ले रही है, जो 4 दिनों तक खेलों का प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर उन्होंने संभाग खत्म करने के मामले में कांठोस को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि सरकार के इस कदम का जनता विरोध नहीं कर रही है, बल्कि राजनीतिक दलों की ओर से विरोध किया जा रहा है। दक के डूंगरपुर सर्किट हाउस पहुंचने पर सागवाड़ा विधायक शंकर डेचा, जिलाध्यक्ष हरीश पाटीदार सहित अन्य भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया। सहकारिता मंत्री ने सरकार की ओर से जिले और संभाग खत्म होने के मामले में कहा कि पिछली सरकार ने बिना किसी प्रबंधन के और राजनीतिक लाभ लेने के लिए जिले बना दिए। वहीं जिले और संभाग खत्म करने का जनता की ओर से विरोध नहीं किया जा रहा। बल्कि राजनीतिक दल इसका विरोध कर रहे हैं। उन्होंने पिछले कांठोस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछली सरकार ने चुनावी वर्ष को देखते हुए केवल घोषणाएं की, लेकिन पूरा नहीं कर पाई। वहीं, हमारी सरकार ने जो घोषणाएं की उन्हें पूरा करने का काम किया है। उन्होंने रबी की फसल में खाद के संकट के सवाल पर कहा कि सरकार की और से इसे दूर करने का काम किया जा रहा है। वहींए आगे से कोशिश रहेगी कि जो डिमांड जिलों से आती है। उसकी तुरंत पूर्ति सरकार की ओर से की जाएगी। सहकारिता मंत्री ने शहर के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में भाजपा की ओर से आयोजित अटल स्मृति वॉलीबॉल प्रतियोगिता का भी उद्घाटन किया। प्रतियोगिता में जिलेभर से 140 टीमें हिस्सा ले रही हैंए जो 4 दिन तक अपने खेलों का प्रदर्शन करेंगे।

शैक्षिक सम्मेलन को लेकर बैठक

मंडफिया, (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय प्रदेश शैक्षिक सम्मेलन को लेकर महत्वपूर्ण संभागीय बैठक संभाग उपाध्यक्ष कैलाश चंद्र सुथार की अध्यक्षता में हुई। संभाग संयुक्त मंत्री रमेश चंद्र पुरोहित ने बताया कि बैठक में मुख्य वक्ता घनश्याम प्रदेश संगठन मंत्री और मुख्य अतिथि रमेश चंद्र पुष्करणा प्रदेश अध्यक्ष रहे। विशिष्ट अतिथि संपत सिंह प्रदेश सभाध्यक्ष, महेंद्र कुमार लखारा प्रदेश महामंत्री, डॉ अरुणा शर्मा प्रदेश महिला मंत्री रहे। प्रदेश अध्यक्ष पुष्करणा ने कहा कि चित्तौड़गढ़ में होने जा रहे ऐतिहासिक प्रदेश सम्मेलन में सभी को मिलकर कार्य करने हैं।बैठक में संभाग में जिला अनुसार अलग अलग व्यवस्थाओं के प्रमुख तय करते हुए जिम्मेदारी तय करते हुए सभी कार्यकर्ताओं को तय दायित्व अनुसार पूर्ण मनोयोग से कार्य करने का संकल्प दिलाया। प्रदेश संगठन मंत्री घनश्याम ने कहा कि सांवलिया सेठ की पवित्र भूमि पर बड़ा आयोजन हो रहा है।पूर्व विचार और पूर्ण विचार के साथ उत्कृष्ट कार्य करना है ताकि सम्मेलन की स्मृतियां हमेशा बनी रहे। समाज और संगठन के लिए कुछ करने के अवसर बहुत कम आते हैं। सम्मेलन में प्लास्टिक मुक्त व पर्यावरण मित्र,स्वदेशी और स्थानीय संस्कृति की झलक दिखाई दे।

भुगतान रसीद पुस्तिका के खो जाने की सार्वजनिक सूचना

यह आम जनता के ध्यान में लाया जाता है कि एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड से संबंधित अनुलग्नक ए में उल्लिखित मूल भुगतान रसीदें खो गई है, गुम हो गई है और उनका पता नहीं लगाया जा सकता है। यदि किसी व्यक्ति/व्यक्तियों को यह मिलती है तो उनसे अनुरोध है कि वे तुरन्त नीचे दिए गए पते पर बैंक को रसीदें लौटा दें। इसके अलावा, कोई भी व्यक्ति इन रसीदों से कोई लेन-देन नहीं करेगा और एयू स्माल फायनेंस बैंक लि. किसी भी तरह से इन रसीदों के किसी भी तरह के दुरूपयोग के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

पता- एयू स्माल फायनेंस बैंक लि., ग्राउन्ड फ्लोर, माताजी के मंदिर के पास, होलीघाटी रोड, एटी एवं पोस्ट फलासिया, जिला उदयपुर-313701

अनुलग्नक-ए

क्रम सं.	खोने की तिथी	रसीद बुक नं.	रसीद नम्बर
1	30.11.2024	348276	8706897-8706900

कार्यालय संयुक्त निदेशक स्कुल शिक्षा संभाग, उदयपुर

क्रमांक:-सयुंनि/उदय/लेखा-ब/निविदा/2024-25/136 दिनांक:06.01.2025

खुली प्रतियोगी बातचीत

गणतंत्र दिवस -2025 (26 जनवरी 2025) का राज्य स्तरीय समारोह संभाग मुख्यालय उदयपुर में आयोजित होने से पुर्वाभ्यास/संयुक्त पुर्वाभ्यास अंतिम पुर्वाभ्यास तथा मुख्य समारोह के दौरान भाग लेने वाले छात्र/छात्राओं हेतु नाश्ते की व्यवस्था की जानी है जिस हेतु लगभग 1200 छात्र/छात्राओं को दिनांक 08.01.2025 से 26.01.2025 तक पुर्वाभ्यास एवं अंतिम कार्यक्रम तक नाश्ता वितरण करने हेतु खुली प्रतियोगी बातचीत के अंतर्गत प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते है। प्रस्ताव लेकर दिनांक 07.01.2025 को प्रात:11बजे कार्यालय संयुक्त निदेशक स्कुल शिक्षा संभाग, उदयपुर में उपस्थित होना आवश्यक है।

(रंजना कोठारी)
संयुक्त निदेशक (स्कूल शिक्षा)
उदयपुर संभाग, उदयपुर

कार्यालय नगरपालिका फतहनगर सनवाड़ जिला उदयपुर (राज.)

क्रमांक:-न.पा.फ.स./2024-25/1913 दिनांक:-01/01/25

-: ऊजरदारी सूचना :-

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि निम्नांकित प्रार्थियों ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर नगरपालिका क्षैत्र में स्थित स्वयं के "पुश्तैनी/खरीदशुदा" मकान/भूखण्ड की "निर्माण स्वीकृती" चाही है। इस बाबत् इनके मालिकाना हक संबंधी अगर किसी को कोई आपत्ति हो तो इस ऊजरदारी सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में अपनी आपत्ति मय दस्तावेज के नगरपालिका कार्यालय में दर्ज करा सकते है। बाद मियाद कोई आपत्ती स्वीकार नहीं होगी तथा स्टेट ग्रान्ट एक्ट के तहत पट्टा सम्बन्धी अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

क्र. सं.	आवेदनकर्ता का नाम	वार्ड नं.	आवेदित सम्पत्ति का विवरण कॉलोनी/मोहल्ला	स्थिती मकान के पडौस				क्षैत्रफल वर्गफीट
				पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण	
1	श्रीमती अनिशा बानु पिता श्री इस्माइल मोहम्मद निवासी-फतहनगर, मावली,उदयपुर (राज.)	18	शिव नगर आवासीय योजना भूखण्ड सं.-13 राजस्व ग्राम फतहनगर	अन्य भूमि	आम रास्ता 30 फीट	भूखण्ड सं. 12	अन्य भूमि	1166 वर्गफीट

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका फतहनगर सनवाड

नियमों के विरुद्ध संचालित 6 लेब बंद करवाई

■ निरीक्षण के दौरान श्रीनाथ लेब , एसडी लेब, शिवम लेब, एसडी लेब एण्ड सोनोग्राफी, शिवम लेब रिको एरिया, श्रीजी बायोक्राइन लेबोरेट्री में अनियमितता मिली

राजसमन्द, (निसं)। सीएमएचओ डॉ हेमन्त बिन्दल के नेतृत्व में चिकित्सा विभाग के अधिकारीयों ने आरके जिला चिकित्सालय के नजदीक संचालित लैब्स का औचक निरीक्षण किया तथा वहां उपस्थित कार्मिको से आवश्यक दस्तावेज को लेकर पूरे दिन गहन पडताल की जिसमें नियम विरूद्ध संचालन पर 6 लैब्स का मौका पर्चा बना मौके पर ही लैब्स के संचालन को निरीक्षण दल की उपस्थिती में बंद करवाया गया।

सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल ने बताया कि सम्पूर्ण जिले में लैब संचालनकर्ताओं को समय-समय पर क्लिनिकल एस्टेबलिसमेंट एक्ट में रजिस्ट्रेशन एवं मानको के अनुसार संचालन के लिये सूचित किया गया तथा लैब संचालको के साथ बैठक करके भी एक्ट की जानकारी देकर मानको के पालन के लिए आमुखीकरण किया गया। उसके बाद भी आमजन की शिकायतो के मध्येनजर औचक निरीक्षण कर कार्यवाही की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में जनस्वास्थ्य के साथ खिलवाड किसी भी परिस्थिती में बर्दाश्त नही किया जाएगा। सीएमएचओ डॉ बिन्दल, डिप्टी सीएमएचओ परिवार कल्याण डॉ नरेन्द्र यादव, बीसीएमओ डॉ राजकुमार खोलिया, पीसीपीएनडी कॉर्डिनेटर रामस्वरूप सैन, क्लिनिक एस्टेबलिसमेंट प्रभारी कैलाशचन्द्र जाट ने पूरे दिन आरके जिला चिकित्सालय के नजदीक संचालित लैब्स की प्रावाधानो के अनुसार पूरे दिन गहन जांच की तथा वहां मिली कमीयों को लेकर मौका पर्चा बनाते हुए आगामी आदेश तक लेब्स संचालन को बंद करवाया। निरीक्षण के दौरान श्रीनाथ लेब दूकान नम्बर 4, एसडी लेब दूकान नम्बर 14, शिवम लेब दूकान नम्बर 11, एसडी लेब एण्ड सोनोग्राफी दूकान नम्बर 6, शिवम लेब रिको एरिया दूकान नम्बर 11, हाउसिंग बोर्ड स्थित श्रीजी बायोक्राइन लेबोरेट्री के संचालन में अनियमितता मिलने एवं आवश्यक दस्तावेजो की कमी पर तत्काल प्रभाव से बंद करवाया गया। उन्होंने बताया निरीक्षण के दौरान रजिस्ट्रेशन नही मिलना, रजिस्ट्रेशन का रिन्यूअल नही होना, पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड का सर्टीफिकेट नही होना, निर्धारित योग्यताधारी मानव संसाधन का नही मिलना, नियमानुसार बायोमेडिकल सर्टिफिकेट एवं समुचित निस्तारण का अभाव पाया गया।

कार्यालय ग्राम पंचायत अटाटिया,
पं.स. झाड़ोल (फ), जिला-उदयपुर (राज.)

क्रमांक:2024-25/45 दिनांक-4.01.2025

ई निविदा सूचना 03/2024-25

ग्राम पंचायत अटाटिया में महानरेगा एवं अन्य योजनाओं अन्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्यो हेतु सामग्री आपूर्ति की निविदाएं दिनांक 15/01/2025 को सांय 6:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

विस्तृत विवरण/ जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No:-ZUD2425A1468

सरपंच
ग्राम पंचायत अटाटिया
प.स.झाडोल, जिला उदयपुर

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत अटाटिया
प.स.झाडोल, जिला उदयपुर

युवक का शव फंदे से लटका मिला

डूंगरपुर, (निसं)। जिलें के दोवड़ा थाना युवक ने घर से करीब एक किमी दूर नाले में पेड़ पर फंदे से लटककर सुसाइड कर लिया। दोवड़ा थाना क्षेत्र के खुमानपुरा गांव में एक युवक ने घर से करीब एक किमी दूर नाले में पेड़ पर फंदे से लटककर सुसाइड कर लिया। युवक 2 दिन पहले ही अहमदाबाद से अपने घर लौटकर आया था। घटना के बाद लोग इक्ठे हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

दोवड़ा थाने के एएसआई महेंद्र सिंह ने बताया कि मणिलाल कटारा निवासी खुमानपुरा भक्तों का फला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। इसमें बताया कि उसका बेटा जयेश कटारा गुजरात के अहमदाबाद में काम करता है। 2 दिन पहले ही वह अपने घर आया था। वहीं रविवार सुबह अपने घर पर नहीं मिला तो परिवार के लोगों ने उसकी तलाश शुरू की। दोपहर के बाद जयेश का शव घर से एक किमी दूर नाले में पेड़ से लटका हुआ मिला। जयेश ने खुद के शर्ट से फंदा लगाया था। घटना के बाद लोग इक्ठे हो गए। वहीं सूचना पर दोवड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। शव को फंदे से नीचे उतारकर अस्पताल की मॉर्चुरी में रखवाया, जहां सोमवार को पिता की रिपोर्ट पर पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। युवक के आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है।

आवेदन के लिए, नज़दीकी एलआईसी शाखा से संपर्क करें या www.licindia.in पर विज़िट करें

हमें फौलो करें: LIC India Forever | IRDAI Regn No.: 512

भ्रामक फोन कॉल्स और झूठे/धोखाधड़ी वाले ऑफर्स से सावधान रहें. आईआरडीएआई बीमा पॉलिसी बेचने या बोनस की घोषणा करने या प्रीमियम के निवेश जैसी गतिविधियों में शामिल नहीं होता. जनता से निवेदन है कि ऐसे फोन कॉल प्राप्त करने पर वे पुलिस में शिकायत दर्ज कराएं. जोखिम घटकों, नियम व शर्तों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया बिक्री से पहले सेल्स ब्रोशर को ध्यानपूर्वक पढ़ लें.